तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **रामकिशोर सारण** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी पीपाड़ शहर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353794347757616	न व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
25/11/25	अपीलार्थी रामकिशोर सारण निवासी 1–बी–106, कुडी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जोधपुर ने लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी पीपाड़) को सूचना का अधिकार के तहत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 02.09.2025 द्वारा प्रार्थी की निजी कृषि भूमि में से एवं अनुमति बिना, राज्य सरकार द्वारा एक रास्ता खसरा 564, एरिया 0.0926 हेक्टर, काटकर गैरमुमकिन रास्ता में परिवर्तित करके ग्राम पंचायत के अधीनस्थ भूमिया–हिस्सा पूर्ण संस्था खाता संख्या 785 को हस्तांतरित करने का क्या कारण है, की सूचना एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए चाही है। उक्त लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी पीपाडशहर) द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, पीपाड़ शहर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी पीपाड़ शहर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी पीपाड़ शहर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.11.25 17:47:32 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19037631